गुरुवार 24 अगस्त, 2023
डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज


केसी त्यागी मुख्य प्रवक्ता 98 सदस्यों को मिली जगह
2



### चंद्रयान-3 मिशन के लैंडर ने शाम 06.04 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर की सॉफ्ट लैंडिंग

# चांद पर चंद्रयान... भारत ने रचा इतिहास

## गौरवांवित हुआ देश

- अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ के बाद भारत चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया
- चंद्रयान-3 मिशन के विक्रम लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरते ही बेंगलुरु में इसरो के मिशन कंट्रोल रूम में वंदे मातरम के जोरदार नारे के साथ जश्न शुरू हो गया

**एजेंसी/बेंगलुरु**

चंद्रयान-3 मिशन के जरिए भारत ने बुधवार को इतिहास रच दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्रयान-3 मिशन का लैंडर मॉड्यूल सफलता पूर्वक चंद्रमा की सतह पर उतर गया। लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से युक्त लैंडर मॉड्यूल ने शाम छह बजकर चार मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की और इतिहास रच दिया। इस सफलता के साथ भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। इसके साथ ही भारत अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ के बाद चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया. चंद्रमा की सतह पर अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन सॉफ्ट लैंडिंग' कर चुके हैं, हालांकि इनमें से कोई भी देश ऐसा नहीं है जिसकी सॉफ्ट लैंडिंग' चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में हुई है। चंद्रयान-3 के लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग में 15 से 17 मिनट लगे। चंद्रयान 3 को 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2.30 बजे लॉन्च किया गया था। चंद्रयान-3 मिशन के विक्रम लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरते ही बेंगलुरु में इसरो के मिशन कंट्रोल रूम में 'वंदे मातरम' के जोरदार नारे लगा और जश्न शुरू हो गया। इसके साथ ही पूरे देश में इस सफलता पर जश्न मनाया गया।



## देशवासियों के लिए यह क्षण नई ऊर्जा का है: पीएम मोदी



दक्षिण अफ्रीका में मौजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिशन चंद्रयान 3 के लैंडर विक्रम के सफलतापूर्वक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग को देखते हुए कहा, यह क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने का है, और यह क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। प्रधानमंत्री ने कहा, देशवासियों के लिए यह क्षण नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है... यह क्षण नवभारत के जयघोष का है... यह क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है... यह क्षण भारत के उदीयमान भाग्य के आह्वान का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की यह अमृतवर्षा हुई है, और आज हर भारतीय जश्न में डूब गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत की उड़ान चांद की कक्षा से बहुत आगे जाएगी, और अभी काफी कुछ हासिल करना है...। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत के लिए दक्षिण अफ्रीका में मौजूद प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित करते हुए कहा, चंदामामा हमेशा से दूर के कहलाते रहे हैं, लेकिन अब वह दूर के नहीं, एक टूर के हो गए हैं... पहुंच में आ गए हैं...। इस ऐतिहासिक कामयाबी के साथ ही भारत ऐसा चौथा देश बन गया है, जो चंद्रमा पर सॉफ़्ट लैंडिंग करने में कामयाब रहा है। इससे पहले, सिर्फ.संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस तथा चीन ही चांद पर सॉफ़्ट लैंडिंग कर सके थे। चंद्रयान-3 चंद्र मिशन की उल्लेखनीय सफलता के लिए पीएम मोदी ने इसरो को बधाई दी। उन्होने कहा कि यह भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है।

## राष्ट्रपति व अन्य ने दी बधाई

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु** ने देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण अवसर है, एक तरह की घटना जो जीवनकाल में एक बार होती है।

**राहुल गांधी** ने ट्विटर पर लिखा, इसरो की टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई। दक्षिण ध्रुव पर चंद्रयान 3 की सॉफ्ट लैंडिंग हमारे वैज्ञानिक की जबरदस्त प्रतिभा और दशकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। 1962 के बाद से भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छू रहा है और सपने देखने वाली युवा पीढ़ियों को प्रेरित कर रहा है।

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने कहा, चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग नए भारत की क्षमताओं और शक्ति का सशक्त प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में इसरो के वैज्ञानिकों ने जो किया, कोई नहीं कर सका। वसुधैव कुटुंबकम की पवित्र भावना के साथ, मैं इस सफलता के लिए इसरो के सभी वैज्ञानिकों को बधाई और देश को शुभकामनाएं देता हूं।

## चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के बारे में जानिए

चंद्रयान-3 मिशन के साथ ही दो शब्द बार-बार सुने और पढ़े जाते रहे हैं-लैंडर और रोवर। चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम विक्रम रखा गया है और रोवर को प्रज्ञान नाम दिया गया है। बता दें कि चंद्रयान-2 के लैंडर और रोवर का नाम भी यही था। इसमें इस बार कोई बदलाव नहीं किया गया है।

**लैंडर का नाम 'विक्रम क्यों'**

चंद्रयान-3 के लैंडर का नाम डॉ. विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। विक्रम साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक कहा जाता है। विक्रम' शब्द का अर्थ साहस और वीरता से जुड़ा है। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर की मिशन लाइफ एक चंद्र दिवस की है। यह लैंड करने के लिए चंद्रयान-2 के सी-2 ऑर्बिटर की तस्वीरों का इस्तेमाल करने वाला है। लैंडर के लेग्स को चंद्रयान-2 से ज्यादा मजबूत किया गया है।

**रोवर को इसलिए दिया गया 'प्रज्ञान' नाम**

चंद्रयान-3 के रोवर का नाम प्रज्ञान रखा गया है, जिसका मतलब है- बुद्धिमता। रोवर को यह नाम इसलिए दिया गया है, क्योंकि वैज्ञानिकों का मानना है कि रोवर को अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करके चांद की सतह पर कई चीजों की जानकारी इकट्ठा करनी है।

**क्या होगा फायदा:** प्रोपल्शन मॉड्यूल में रहने योग्य ग्रह पृथ्वी पेलोड का स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री भी है, जो इसके स्पेक्ट्रल और पोलारिमेट्रिक गुणों का अध्ययन करने के लिए पृथ्वी से लाइट का विश्लेषण करेगा। रोवर चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान पर डेटा इकट्ठा करेगा, जिससे वैज्ञानिकों को हमारे खगोलीय इतिहास और विकास के बारे में अधिक जानने में मदद मिलेगी। चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान उतारने के अपने प्राथमिक लक्ष्य के अलावा, चंद्रयान-3 चंद्रमा के इतिहास, भूविज्ञान और संसाधनों की क्षमता सहित चंद्रमा के पर्यावरण का अध्ययन करने के लिए साइंटिफिक एक्सपेरिमेंट्स भी करेगा। इस मिशन के जरिए भारत न केवल चंद्रमा की सतह के बारे में ज्ञान का खजाना हासिल करेगा, बल्कि भविष्य में इंसानों के बसने की संभावना के लिए इसकी क्षमता को भी हासिल करेगा।

# मिजोरम में निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज गिरने से 18 लोगों की मौत

**एजेंसी/आईजोल**



मिजोरम के आईजोल में बुधवार को एक बड़ी घटना हो गई। यहां एक निमार्णाधीन रेलवे ब्रिज गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा साइरांग इलाके के पास हुआ। वहीं, इस घटना पर रेलवे ने अपना बयान दिया है जिसमें बताया है कि इतने बड़े हादसे के पीछे क्या कारण है। रेलवे ने बताया कि इतना बड़ा हादसा पुल निर्माण के दौरान एक गर्डर मशीन के गिरने से हुआ। यह मशीन एक विशेष प्रयोजन वाली मोबाइल गैन्ट्री क्रेन है जिसका उपयोग पुल निर्माण में किया जाता है। साथ ही इस मशीन का उपयोग पुल खंडों और गर्डरों को उठाने और सपोर्ट करने के लिए किया जाता है।

**रेलवे ने किया बड़ा दावा:** रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जो गैन्ट्री गिरी है, उसे एसटीयूपी कंसल्टेंट ने डिजाइन किया था और इसकी आईआईटी गुवाहाटी ने इसकी जांच की थी। प्रवक्ता ने कहा कि मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। इस मामले पर रेलवे के प्रवक्ता ने दावा किया कि पुल का जो हिस्सा पहले ही बनाया जा चुका है वह अभी भी बरकरार है। पुल नहीं गिरा है, यह एक गैन्ट्री थी जो निर्माणाधीन पुल पर लॉन्चिंग के दौरान गिर गई। यह पुल भैरवी-सैरांग नई रेलवे लाइन परियोजना का हिस्सा है इसके तहत 130 पुलों का निर्माण किया जाना है। बैराबी सैरांग लाइन भारतीय रेलवे के पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत बैराबी से सैरांग तक 51 किमी लंबी है। रेल लाइन में 130 पुल, 23 सुरंगें और चार स्टेशन- हॉटोकी, कावनपुई, मुआलखांग और सैरांग शामिल हैं।

**पीएम मोदी ने दुर्घटना पर दुख जताया:** इस घटना को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने भी ट्वीट किया। उन्होंने दुर्घटना पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये मुआवजे का एलान किया। वहीं, घायलों के लिए 50 हजार रुपये की मदद की घोषणा की गई।

# तेजस ने किया हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण

## देश के नाम जुड़ी उपलब्धि

**एजेंसी/मुंबई**

भारत के हल्के लड़ाकू विमान तेजस ने बुधवार को गोवा के तट पर एस्ट्रा स्वदेशी बियॉन्ड विजुअल रेंज (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इसकी जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी। बयान में बताया कि लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई पर विमान से मिसाइल प्रक्षेपण सफलतापूर्वक किया गया, परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरे किए गए। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि परीक्षण प्रक्षेपण की निगरानी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए), रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के परीक्षण निदेशक और वैज्ञानिकों के साथ-साथ सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन (सीईएमआईएलएसी) के अधिकारियों द्वारा की गई थी।



**विश्वामित्र हॉस्पीटल** गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मे मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



! मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा,

## जदयू ने जारी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सूची

# केसी त्यागी मुख्य प्रवक्ता 98 सदस्यों को मिली जगह

- ललन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष, मंगनी लाल मंडल को उपाध्यक्ष बनाया गया



**केटी न्यूज/पटना**

2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसको लेकर जेडीयू भी अभी से पार्टी को मजबूत और रणनीति बनाने में जुट गई है। जेडीयू की ओर से बुधवार को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की लिस्ट जारी की गई है। इसमें ललन सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। मंगनी लाल मंडल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। केसी त्यागी को विशेष सलाहकार सह मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। डॉ. आलोक कुमार सुमन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है और रामनाथ ठाकुर को महासचिव बनाया गया है। वहीं, पार्टी के सर्वोच्च नेता नीतीश कुमार हैं। इसके अलावा इस लिस्ट में 98 सदस्यों को पद मिला है।

**नए लिस्ट में इनको मिली जगह**

नीतीश कुमार, ललन सिंह, मंगनी लाल मंडल, के.सी. त्यागी, आलोक कुमार सुमन, रामनाथ ठाकुर, मोहम्मद अली अशरफ फातमी, संजय झा, गिरिधारी यादव, संतोष कुमार कुशवाह, राम सेवक सिंह, चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, दसई चौधरी, मौलाना गुलाम रसूल बलियावी, आर. पी. मंडल, विजय कुमार मांझी, भगवान सिंह कुशवाह, कहकशां परवीन, रामकुमार शर्मा, राजीब रंजन, धनंजय सिंह, कमर आलम, कपिल हरिश्चंद्र पाटिल, अफाक अहमद खान, सुनील कुमार उर्फ इंजी० सुनील, हर्षवर्द्धन सिंह, राज सिंह मान, विद्या सागर निषाद, रवीन्द्र प्रसाद सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय वर्मा, अनूप पटेल, दयानंद राय, संजय कुमार, बशिष्ठ नारायण सिंह, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, लेसी सिंह, मदन सहनी, शीला मंडल, जयन्त राज, सुनील कुमार, जमा खान, रत्नेश सादा, राम बचन राय, नरेंद्र नारायण यादव, महेश्वर हजारी, हारूण रशीद, हरपाल कौर, ललन कुमार सर्राफ, संजय कुमार सिंह 'गांधी'।

**ये भी हैं शामिल:** रणवीर नंदन, वीरेंद्र सिंह, गुलाम नबी डार, राम बिहारी सिंह, विनोद यादव, सुधा चौधरी, भगवत सिंह राजपूत, कृष्ण वर्मा, शैलेश कुमार, लक्ष्मेश्वर राय, सचू शेट्टी, हाजी अब्दुल नासिर, ज्वेंगा सेब, दिलेश्वर कामैत, दुलाल चंद गोस्वामी, दिनेश चन्द्र यादव, कविता सिंह, अजय कुमार मंडल, कौशलेन्द्र कुमार, महाबली सिंह, अनिल हेगड़े, रूही तागुंग, परेश नाथ, उमेश सिंह कुशवाहा, मातामणि तिवारी, शैलेन्द्र कुमार, जी. एम. शाह (शाहीन), खीरू महतो, सुधीर जी कोल्ला, महिमा पटेल, के. पी. मोहम्मद सद्दीक, सूरज जयसवाल, बीरेन सिंह, शशांक राव, रॉबिनस टी. संगमा, सेनचुमो (एनएसएन) लोथा, चित्तरंजन मोहंती, आर. अरुमुगम, मालविन्द्र सिंह टेडी, नेयली मणि, पुरुषोत्तम रेड्डी, सत्येन्द्र पटेल, अमिताभ दत्ता।

# बिहार ने मलेरिया उन्मूलन में हासिल की आशातीत सफलता

- राज्य के सभी 38 जिले मलेरिया बीमारी की श्रेणी एक में पहुंचे
- 31 अक्टूबर तक 7 जिलों में डीडीटी का छिड़काव

**केटी न्यूज/पटना**

पिछले वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर बिहार को वर्ष 2015 से 2021 के बीच मलेरिया की निर्धारित श्रेणी दो से एक में पहुँचने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सम्मनित किया गया था। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए बिहार मलेरिया उन्मूलन को लेकर प्रयासरत है। अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि वर्ष 2030 तक देश से मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. बिहार इस दिशा में निरंतर प्रयास करते हुए लक्ष्य के करीब पहुंच चुका है। अब राज्य के सभी 38 जिलों में 1000 की जनसंख्या पर एक मलेरिया के मरीज मिलने लगे हैं। यह इस बात की पुष्टि करता है कि बिहार मलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को निर्धारित समय में हासिल कर लेगा।




**फाइलेरिया उन्मूलन के तीन श्रेणी:** राज्य में मलेरिया बीमारी के प्रभाव को दशार्ने के लिए इसे चार श्रेणी में वगीर्कृत किया गया है। जिसमें श्रेणी 3, 2, 1 एवं 0 बनायी गई है। चूंकि प्रति 1000 की आबादी पर मलेरिया के एक मामले मिलने पर इसे श्रेणी 1 में शामिल किया जाता है। इस एक की श्रेणी में राज्य के सभी 38 जिले आ गए हैं। अब स्वास्थ्य विभाग का संपूर्ण प्रयास यह है कि राज्य को श्रेणी 1 से निकालकर 0 की श्रेणी में पहुंचाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयत्नशील है।

**7 जिलों में डीडीटी का छिड़काव:**

डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि राज्य के सात मलेरिया जिलों में डीडीटी का छिड़काव किया जा रहा है। जिसमें मुंगेर,जमुई, गया, औरंगाबाद, नवादा, कैमूर और रोहतास जिले शामिल हैं. डीडीटी छिडकाव अभियान पूर्ववत की भांति इन सात जिलों में 60 कार्य दिवस तक चलाया जाएगा। जो बीते 16 अगस्त से लेकर आगामी 31 अक्टूबर तक कराया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस दौरान राज्य के इन सात जिलों के 20 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 130 उप स्वास्थ्य केंद्र कें अंतर्गत 1094 गांवों के 1023256 जनसंख्या वाले इलाके में लगातार दो महीने तक दवा का छिड़काव किया जाएगा।

**छिड़काव कार्य में आशा कार्यकताओं की भी होगी भागीदारी:** मलेरिया नियंत्रण हेतु दवा छिडकाव कार्य में इन सात जिलों में आशा कार्यकताओं की भी भागीदारी सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र के पंचायती राज के सदस्यों को भी छिडकाव की ससमय सूचना उपलब्ध कराई जा रही है. ताकि उनका सहयोग प्राप्त किया जा सके।

**छिड़काव के सफल संचालन हेतु बनाया गया नियंत्रण कक्ष:** मलेरिया नियंत्रण हेतु दवा छिडकाव के सफल संचालन हेतु राज्य स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस दौरान सभी संबंधित जिलों के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी, वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी व अन्य पर्यवेक्षीय पदाधिकारी छिडकाव कार्य के संबंध में प्रतिदिन की सूचना राज्य नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 0612-2370131पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस को मिली जान से मारने की धमकी

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्रीय मंत्री और एलजेपी सांसद पशुपति कुमार पारस को जान से मारने की धमकी मिली है। फोन करने वाले ने कहा है कि आप चिराग पासवान के खिलाफ बोलते हैं आपको हाजीपुर में घुसने नहीं देंगे, आपको बर्बाद कर देंगे, कालिख पोतेंगे। इस पूरे मामले में केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने इसकी सूचना पार्लियामेंट थाने को दी है। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी पूरे मामले को लेकर चिट्ठी लिखी है।

**किसी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे हाजीपुर: पशुपति:** पशुपति पारस ने बताया कि उन्हें एक अज्ञात द्वारा फोन पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। कहा कि दिल्ली में उनके निजी फोन पर धमकी दी गई। धमकी के सवाल पर पशुपति पारस ने कहा कि किसका हाथ है इन सबके पीछे ये तो सब जानते ही हैं। मेरे केंद्र में मंत्री बनने से कई लोगों को जलन है। एक-दूसरे जगह का सांसद मेरे क्षेत्र हाजीपुर आता है, कहता है कि ये मेरी कर्म भूमि है। उन्होंने कहा कि 2024 में किसी भी कीमत पर हाजीपुर नहीं छोड़ने वाले हैं।

## चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर सीएम नीतीश ने दी बधाई

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर कहा कि सफल लैंडिंग से हर भारतवासी गौरवान्वित है। यह इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का नतीजा है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने ट्वीट कर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि 'मानव इतिहास का अविस्मरणीय पल, अतुलनीय उपलब्धि। आजादी के अमृतकाल में भारत के उदय का प्रतीक चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग कराकर हमारे वैज्ञानिकों और इसरो ने गौरव का क्षण दिया।

# बेखौफ बदमाशों ने पटना में दो युवकों को मारी गोली, गंभीर

**केटी न्यूज/पटना**

बेखौफ बदमाशों ने राजधानी पटना में दो युवकों को दौड़ाकर गोली मार दी। घटना मंगलवार की रात करीब आठ बजे के आसपास की है. पूरा मामला कदमकुआं थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके का है। बाइक सवार तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। एक युवक को पेट में तो दूसरे को जांघ में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों घायलों को पीएमसीएच पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है।

घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मौके से तीन खोखा भी बरामद किया है। हालांकि घटना को लेकर पता नहीं चला है कि किस विवाद में किसने गोली मारी है। हालांकि दोनों युवकों की पहचान हो गई है। बता दें कि राजेंद्र नगर पॉश इलाका है। वारदात बेबी पार्क के पास की है। एक युवक का नाम सूरज मिश्रा (पिता- बालकृष्ण मिश्रा) है जो शाहपुर भोजपुर का रहने वाला है। दूसरे युवक का नाम पप्पू कुमार (पिता- भरत प्रसाद) है जो राजेंद्र नगर का ही रहने वाला है।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMR AMRTCL
AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services
A Revolutionary Initiative

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

Moments and Accolades







Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

# महीनों से खराब है आदर्श मध्य विद्यालय का चापाकल, छात्रों ने किया प्रदर्शन

**केटी न्यूज/चौगाईं**

एक तरफ राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिशन को प्राथमिकता बता रही है। स्कूलों को संसाधनों से परिपूर्ण करने का दावा किया जा रहा है। कागजों में छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ उन्हें कुपोषण से बचाने के लिए पौष्टिक भोजन के तौर पर एमडीएम दिया जा रहा है। लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही है। इसकी बानगी बुधवार को अंचल के आदर्श मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर चौगाईं में देखने को मिली। इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मीडिया के समक्ष स्कूल में व्याप्त पेयजल की समस्या को जोरदार तरीके से उठाया और डीएम से महीनों से खराब पड़े विद्यालय के दोनों चापाकलों की मरम्मत की मांग की। छात्रों ने बताया कि दोनों चापाकल पिछले कई महीनों से खराब पड़ा हैं।

### ❐ बोले प्रधानाध्यापक... मरम्मत के लिए कई बार पीएचईडी से लगाई गई है गुहार

एक चापाकल चालू अवस्था में है जिससे गंदा पान निकल रहा है। इसी पानी से विद्यालय में छात्र-छात्राओं के खाने के लिए एमडीएम पकाया जाता है। जिससे उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर का अंदाजा लगाया जा सकता है। वर्ग आठवी के छात्र हिमालय सिंह व इसी कक्षा की छात्रा अंजु कुमारी ने बताया कि महीनों से उनके विद्यालय का चापाकल खराब पड़ा है। प्रधानाध्यापक द्वारा इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से लगायत पीएचईडी विभाग से की गई है। लेकिन आज तक मरम्मत नहीं हो सका है। इधर चापाकल के खराब होने से छात्रों को प्यास बुझाने के लिए मुख्य सड़क को पार करना पड़ता है। जिससे उनके वाहनों की चपेट में आ जान गवांने तक का खतरा बना हुआ है। कई छात्रों ने गंदे पानी से बनने वाले एमडीएम को खाने से इंकार कर दिया है। जबकि कई के अभिभावक पेयजल की किल्लत को देखते हुए छात्रों को स्कूल भेजने से कतरा रहे है।



**पूरे प्रखंड में बनी हुई है समस्या :** बीआरपी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि लक्ष्मीपुर के साथ ही अंचल के अन्य विद्यालयों में भी पेयजल की समस्या है। उन्होंने कहा कि स्कूलों के निरीक्षण के दौरान अक्सर छात्रों द्वारा ऐसी शिकायतें की जाती है कि उनके विद्यालय के चापाकल का पानी खराब आ रहा है या चापाकल खराब हो गया है। आदर्श मध्य विद्यालय लक्ष्मीपुर की स्थिति सबसे दयनीय है।

“ विद्यालय का दोनों चापाकल महीनों से खराब है। एक चापाकल से गंदा पानी आ रहा है। कई बार इसकी शिकायत पीएचईडी विभाग से की गई है। एक बार विभाग का एक कर्मी आया था जो सिर्फ मुआयना कर चला गया। चापाकल खराब होने से छात्रों के साथ ही शिक्षकों को भी परेशानी होती है। इसकी जानकारी बीईओ को भी दी गई है।

*– प्रमोद कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक, आदर्श मध्य विद्यालय, लक्ष्मीपुर, चौगाईं*

## एक नजर

### चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग से जिलेवासियों में छाई खुशी, सांसद ने इसरो को दी बधाई



**बक्सर।** गुरुवार की शाम 5.44 बजते ही जिलेवासियों की धड़कने बढ़ गई थी। आखिरकार उनके 41 दिनों की प्रतिक्षा पूरी होते दिख रही थी। अगले 20 मिनट बाद यानी 6 बजकर 4 मिनट पर वह घड़ी भी आ गई जब टीवी, मोबाईल व इंटरनेट पर नजरे गड़ाए जिलेवासी एक साथ उछल पड़े तथा इसरो के वैज्ञानिकों के साथ ही एक दूसरे को बधाई देने लगे। जाहिर है इसरो द्वारा 14 जुलाई को चांद पर भेजा गया चंद्रयान-3 अपनी मंजिल पर पहुंच चुका था। इसके साथ ही चांद के साउथ पोल पर पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। इस कारण भी जिलेवासियों में खुशी व्याप्त है। बक्सर के सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, इसरो के वैज्ञानिको तथा जिलेवासियों को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि अब चंदा मामा दूर के नहीं रहे बल्कि अब चंदा मामा घर के हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 सालों में अंतरिक्ष के क्षेत्र में जो कार्य हुए आज उसकी सफलता पूरी दुनिया देख रही है। हर भारतीय के लिए 23 अगस्त 2023 बुधवार का दिन अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए गौरव का पल है।

### आवास योजना में गबन करने वालों पर दर्ज होगा केस

**केसठ।** बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना के कई लाभुक ऐसे है जो राशि प्राप्त करने के बाद भी आवास नहीं बनवा रहे हैं। ऐसे में लाभुकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इसी क्रम में प्रखंड के केसठ में पैसा लेकर आवास नहीं बनाने वाले छः लाभुकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज कराने की कवायद प्रशासन ने शुरू कर दी है। जहां इन लाभुकों से योजना के पैसा वसूलने की कार्रवाई होगी। इसको लेकर बीडीओ सक्रिय हैं। उन्होंने प्रखंड में सभी आवास सहायकों और पर्यवेक्षकों के साथ प्रखंड कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की गई। आवास बनाने में रुचि नहीं लेने वाले लाभुकों पर नकेल कसने के लिए कई निर्देश दिये हैं। इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत हर योग्य गरीब तबके के लोगों का पक्का मकान बने, इसके लिए अग्रेतर प्रयास किया जा रहा है। लेकिन, योजना के अंतर्गत कुछ हठी लाभुक ऐसे भी हैं, जो तमाम प्रयासों से जागरूक करने के पश्चात भी आवास निमार्ण में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे लाभुकों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अब तक पीएम आवास योजना की राशि निकाल आवास नहीं बनाने वाले करीब 6 लाभुकों देवंती देवी, टोढि देवी, पुलिस डोम, धर्मशिला देवी, लाल चंद्र शर्मा, अनोजा बीबी, रिंकी देवी, पिंकी देवी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हठी व लापरवाह लाभुकों पर कार्रवाई करने के लिए नोटिस भेजने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए संबंधित कर्मी को निर्देश दिया गया है।

### आज चार घंटा बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**नावानगर।** चकौड़ा-केसठ फीडर में मरम्मत की कार्य को लेकर गुरुवार को चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जो 10 बजे दिन से 02 बजे अपराह्न तक का समय बिजली कंपनी के अधिकारी ने निर्धारित किया है। इसकी जानकारी जेई संदीप कुमार शुक्ला ने बुधवार को दिया। उन्होंने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से नावानगर प्रखंड के चार पंचायतों सोनवर्षा, वैना, मणिया व गिरधर बरांव तथा केसठ प्रखंड के तीन पंचायतों केसठ , कतीकनार व रामपुर सहित अन्य निकटवर्ती गांवों में चार घंटा तक बिजली नहीं रहेगी। बिजली कंपनी द्वारा लोगों को अपनी आवश्यक कार्य को सुबह में निपटा लेने की उन्होंने सलाह दिया है।

## खुली पोल : अनुमंडलीय अस्पताल की कुव्यवस्था पर डीएम ने लगाई फटकार

# ओपीडी में डॉक्टर की जगह बैठा था फिजियोथेरेपिस्ट, भड़के जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था व डाक्टरों की मनमानी की बातें अक्सर सुर्खियां बनती है। लेकिन बुधवार को खुद डीएम अंशुल अग्रवाल ने इसे अपनी आंखों से देखा और अविलंब कार्य संस्कृति में सुधार लाने का निर्देश डीएस डा गिरिश सिंह को दिया। जिस वक्त डीएम अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे उस समय डीएस अस्पताल में मौजूद थे। लेकिन ओपीडी में डाक्टर की जगह फिजियोथेरेपिस्ट अजय कुमार डाक्टर की कुर्सी पर बैठ मरीजों को देख रहा था। इसे देख डीएम भड़क गए। उन्होंने इसे बड़ी लापरवाही बताया और दुबारा उसे ओपीडी में न बैठने की चेतावनी दी।

उन्होंने डीएस से भी इस पर सवाल किए। वही हड्डी रोग विशेषज्ञ डा सुमित सौरभ व महिला चिकित्सक डा एस प्रिया मौके पर मौजूद थे। वे अपनी ड्यूटि करते मिले। डीएम ने इस दौरान अस्पताल



### ■ डीएम ने पर्ची काउंटर की संख्या बढ़ाने व डॉक्टरों को समय से ड्यूटि करने का दिया निर्देश

के रोस्टर का निरीक्षण भी किया। रोस्टर में डाक्टरों के नामों की लंबी सूची तथा अस्पताल में उनकी कमी को देख डीएम ने डीएस से पूछा कि ऐसे कैसे चलेगा। जब डाक्टर ही नहीं रहेंगे तो मरीजों का इलाज कौन करेगा। वही जिस काउंटर पर मरीजों का पर्ची बनाया जा रहा था वहां भीड़ देख डीएम ने पर्ची के लिए दो काउंटर बनाने को कहा। इसके अलावे उन्होंने अल्ट्रा साउंड के संबंध में जानकारी मांगी तो बताया गया कि अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन करने वाला कोई नहीं है जिस कारण इसका संचालन नहीं हो पा रहा है। जबकि डीएस द्वारा बताया गया कि ईसीजी शुरू हो गया है।

निरीक्षण के दौरान कई अन्य खामियों पर भी डीएम ने अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाई तथा कहा कि दुबारा आने पर ऐसी गलती बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने डाक्टरों से रोस्टर के अनुसार ड्यूटि करने, अस्पताल में साफ सफाई रखने तथा मरीजों का इलाज गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। डीएम के इस निरीक्षण से अस्पतालकर्मियों की मुश्किलें बढ़ी रही।

**हाल ही में प्रदेश की टीम ने किया था अस्पताल का निरीक्षण :** बता दें कि अभी एक पखवाड़ा पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सचिवालय में दायर परिवाद के आलोक में स्वास्थ्य विभाग पटना प्रमंडल उप निदेशक डा अखिलेश कुमार सिंह व बक्सर सीएस डा एससी सिन्हा ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान भी जो खामियां चिन्हित की गई थी उसे दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया था। वही डाक्टरों की कमी का मुद्दा भी उठा था। लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपनी कमियों को दूर नहीं किया गया। ड्यूटि से गायब रहने वाले तथा लंबे समय से छुट्टी पर चल रहे डाक्टरों पर कार्रवाई के बदले प्रबंधन मौन साधे रहा। जिस कारण डीएम के सामने भी प्रबंधन को शर्मसार होना पड़ा।

# पशु टीकाकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, बाधित हुआ पशु टीकाकरण



**केटी न्यूज/बक्सर**

बुधवार को जिला पशु कार्यालय में बिहार राज्य पशु स्वास्थ्य रक्षा टीकाकर्मी संघ के बैनर तले पशुओं को टीका लगाने वाले कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। अनिश्चित कालीन हड़ताल कर रहे टीकार्मियों ने सम्मान जनक मासिक मानदेय के साथ ही अन्य मांगों के समर्थन में महासंघ गोपगुट के आह्वान पर यह अनिश्चताकलीन हड़ताल शुरू किया है। उनके हड़ताल पर चले जाने से जिले में संचालित होने वाले पशु टीकाकरण के साथ ही पशुपालन विभाग से संचालित विभिन्न प्रकार के कार्य प्रभावित हो गया है।

पशु टीकाकरण कर्मियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला पशुपालन कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। इनके धरना से जिले में पशुओं के टीकाकरण के साथ ही अन्य कार्य एफएमडी, सीपीएसएसवीक्यू, सेलोसिस, पीपीआर डिवर्मिंग, लम्पीस्कीन डिजिज, वलास्किम स्वाइन फीवर, पशु गणना, कृत्रिम गभार्धान, बांझपन, शिविर प्रचार प्रसार, ईयर टैगिंग समेत अन्य कार्य बूरी तरह से बाधित हो गए है। अपने संबोधन में संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार राकेश ने बताया कि सरकार द्वारा उन्हें टीकाकरण के प्रति पशु 4 रुपए एवं अपलोड के लिए 2 रुपए दिये जाने की बात कहा जाता है। इनकी मुख्य मांगों में प्रतिमाह निश्चित मानदेय देने, योजना आधारित कार्य की जगह नियोजित करने, टीकाकर्मियों को बीमा व स्वास्थ्य का लाभ देने समेत अन्य मांग शामिल है। मौके पर सचिव कृष्णा ठाकुर, दिनेश कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, अकबर, सत्येंद्र कुमार, अशोक सिंह, अमीत, कृष्णा, सुमन, भदेश्वर, रामेश्वर, विजय शंकर, विद्यासागर, अरविंद कुमार व अन्य मौजूद रहें।



### मां काली के जयकारे से गूंजता रहा शहर, देर रात तक मेले में लुफ्त उठाते रहे बच्चें

# मंत्रोच्चार व हवन के साथ नगर पंचित मां काली मंदिर की वार्षिक पूजा संपन्न



केटी न्यूज/डुमरांव

बुधवार को नगर पंचित मां काली आश्रम का वार्षिक पूजा धूम धाम से संपन्न हुआ। अहले सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चार, मां काली के जयकारे तथा हवन के साथ वार्षिक पूजा के विधानों को पूरा किया गया। यह पूजा मंदिर के पुजारी पंडित ललन मिश्र व पूजा समिति के अध्यक्ष भगवान जी वर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सुबह से ही दोनों के नेतृत्व में पूरे वैदिक विधान से वार्षिक पूजा की शुरूआत की गई।

इस दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों से पूरे शहर में मां काली के जयकारे तथा मंत्रोच्चार की गूंज सुनाई पड़ रही थी। जिससे शहर का माहौल भक्तिमय बन गया था। वही सुबह से ही मंदिर में दर्शन व पूजन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। मान्यता है कि मां काली भक्तों की मुरादें पूरी करती है। जिस कारण हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते है। इस बार भी वैसा ही देखने को मिला। सुबह से दोपहर तक पूजा अर्चना करने वालों की होड़ मची रही। वही दोहपर के बाद से मेला का लुफ्त उठाने वालों की कतार लग गई थी। मंदिर में भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शक्ति द्वार मोड़ से मंदिर परिसर तक लोगों की भीड़ लगी रही। लोग पहले मंदिर पहुंचने के लिए एक दूसरे को धक्का मुक्की भी करते रहे।

### सुबह से देर रात तक मुश्तैद रहे मंदिर पूजा समिति के सदस्य, प्रशासनिक व्यवस्था भी रही काबिले तारीफ

हालांकि मंदिर के बार मुश्तैद पुलिस के जवान तथा उन्हें सहयोग दे रहे मंदिर पूजा समिति के सदस्य व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग विधि व्यवस्था व भीड़ नियंत्रित करते रहे। मंदिर के बाहर ही श्रद्धालुओं के जूते-चप्पल रखने के लिए काउंटर बनाया गया था। जहां वोलंटियर तैनात किए गए थे। वही मंदिर के अंदर भी महिलाओं व पुरूषों के दर्शन पूजन के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई थी। जगह जगह पर मंदिर समिति के सदस्य कतार को नियंत्रित करते देखे जा रहे थे।

### बच्चों को रास आ रहा था चरखा व झूला

मेले में बड़ी संख्या में बच्चों की टोलियां उमड़ी थी। बच्चों के बीच बड़ी चरखी तथा झूला आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। इन चरखा व झूलों पर मस्ती करने के लिए बच्चों की टोलियां बेताब थी। बच्चों ने देर तक मेले का लुफ्त उठाया। मेले में चरखी व झूले के अलावे कई खेलकूद व मनोरंजन के साधन थे। वही कई तरह के खाद्य पदार्थो की बिक्री भी हो रही थी।

### मां काली भक्तों की पूरी करती हैं मन्नतें

मान्यता है कि मां काली मन्नतें पूरी करती हैं। इस कारण डुमरांव वासियों का इस मंदिर से गहरा लगाव है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दूसरे प्रदेशों में नौकरी पेशा करने वाले लोग भी सावन के शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को इस मंदिर के वार्षिक पूजा में शामिल होने के लिए छुट्टियां लेकर आते है। मंदिर में मां काली की मूर्ति के साथ ही शक्ति की अराध्य देवी मां दुर्गा के नौ रूपों की मूर्ति भी स्थापित है। जिस कारण श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ जाती है।

### वार्षिक पूजनोत्सव की झलकियां...



वार्षिक पूजा पर ढोल-डफली बजाते श्रद्धालुगण। फोटो - मनीष कुमार



पूजनोत्सव के दौरान जयघोष करते युवा श्रद्धालु। फोटो - मनीष कुमार



पूजनोत्सव के दौरान नृत्य करते मतहा। फोटो - मनीष कुमार









# मां के साथ सो रहे शिशु को ले भागे बदमाश, हंगामा व रोड जाम

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में मंगलवार की देर रात बदमाशों ने मां के साथ सो रहे शिशु चोरी कर लिया। परिजनों ने बताया कि बोलेरो सवार अज्ञात बदमाश बच्चे को उठा ले भागे। बच्चा फतेहपुर गांव निवासी लुटावन राम का 10 माह का पुत्र उमेश राम है। अगली सुबह बुधवार को बच्चा चोरी की खबर मिलते ही ग्रामीण भड़क उठे और सड़क पर उतर गये। लोगों ने बच्चे की बरामदगी को लेकर फतेहपुर बाजार में सड़क जाम किया।

आक्रोशितों ने टायर जला आगजनी की और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने पुलिस बच्चे की बरामदगी और बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की।



❒ टायर जला बिहिया बिहटा स्टेट हाई-वे किया जाम

इधर, सड़क जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष पवन कुमार पहुंचे और समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग अपनी मांग पर अड़े रहे। जिस कारण बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर छह घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बाद में थानाध्यक्ष के ठोस आश्वासन पर लोगों का गुस्सा शांत हुआ। उसके बाद सड़क जाम हटाया गया।

मामले में एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि पुलिस रात से बच्चे की बरामदगी में जुटी है। घटना में शामिल लोगों की पहचान एवं धरपकड़ की कोशिश की जा रही। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात लुटावन राम की पत्नी अपने दस माह के बच्चे के कर्कटनुमा घर में सो रही थी। करीब दस बजे उसकी नींद खुली, तो बच्चा गायब था। तब उसने शोर मचाना शुरू किया। उसके शोर मचाने की आवाज सुन घर के सभी सदस्य आ गए। उसके बाद बच्चे की खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। तत्काल पुलिस पहुंची और बच्चे की बरामदगी में जुट गयी।

## पेट में दर्द की शिकायत पर प्राइवेट अस्पताल में दी गई थी सुई

# इंजेक्शन देने पर 8 साल के बच्चे की बिगड़ी हालत, मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिला मुख्यालय स्थित नगर थाना क्षेत्र के मारुति नगर मोहल्ले में मंगलवार की रात पेट दर्द रोकने के लिए इंजेक्शन देने के बाद आठ वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजनों ने निजी अस्पताल के चिकित्सक की इलाज में लापरवाही के कारण बच्चे की मौत होने का आरोप लगाया गया है। उसे लेकर परिजनों में काफी आक्रोश था। मृत बालक मारुति नगर मोहल्ला निवासी नीतीश सिंह का बेटे शुभम कुमार था। बच्चे के पिता नीतीश ने बताया कि सोमवार को उनके बेटे के पेट में अचानक दर्द हुआ था। उसके बाद उसे इलाज के लिए महावीर टोला स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया था। वहां इलाज के बाद घर ले जाया गया।

मंगलवार की दोपहर उसकी तबीयत दोबारा खराब हो गई। उसके बाद उसे फिर उसी हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने इलाज किया गया और एक इंजेक्शन देकर घर भेज दिया गया। कुछ देर बाद फिर उसकी तबीयत बिगड़ गयी। शरीर पर जगह-जगह दाग हो गया। तब फोन कर हॉस्पिटल के डाक्टर को उसकी जानकारी दी गयी। उसके बाद चिकित्सक ने एविल देने की सलाह दी गयी। एविल खिलाते ही उसकी तबीयत और बिगड़ गयी। उसके द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं बच्चे की मौत के बाद परिजनों का आक्रोश भड़क उठा और उस प्राइवेट हॉस्पिटल के चिकित्सक को खुब खरी-खोटी सुनायी गयी। नीतीश सिंह का कहना था कि महावीर टोला स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल के डाक्टर द्वारा इलाज में लापरवाही बरतने के कारण उनके बेटे की मौत हुई है। बताया जाता है कि शुभम अपने दो भाई और एक बहन ने दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां ज्योति देवी, भाई पीयूष और बहन शिवानी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

# किसान संघर्ष समिति 25 को पटना में लगाएगी पंचायत

**जहानाबाद।** किसान संघर्ष समिति ने छरियारी में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया। जिसमें निर्णय लिया गया कि 25 अगस्त को पटना में पंचायत लगाकर सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखेंगे। जिसमें किसानों को मुफ्त बिजली देने, अनाज मंडी फिर से चालू करने, किसानों मजदूरों का कर्ज माफ किये जाने, किसानों मजदूरों का प्रति माह पेंशन 10000 रुपए देने तथा भूमिहीनों के लिए 5 डिसमिल जमीन आवास के लिए मुहैया कराया जाने के मुद्दों शामिल हैं। इन मुद्दों को लेकर सरकार से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जब तक सरकार इन सभी मांगों को पूरा नहीं करेगा, तब तक संगठन अपनी संघर्ष को जारी रखेगा। बता दें कि किसानों के बिजली देश के कई राज्यों में कई वर्षों से मुफ्त मिल रही है, लेकिन बिहार सरकार किसानों को मुफ्त बिजली देने के बजाय यहां किसानों को लॉलीपॉप की तरह डीजल अनुदान बांट रहे हैं और किसी तरह किसानों मजदूरों को बदलने और खुश लाने का काम कर रहा है। वहीं दूसरी ओर उन राज्यों में किसानों को फसल मंडी खुले हुए हैं, लेकिन यहां खानापूर्ति के लिए सरकार पैक्स के माध्यम से फसल की खरीद करता है। वह भी पूरी तरह खानापूर्ति है और किसने और मजदूरों का ठगने का काम कर रहा है।









### त्योहारों के मद्देनजर डीएम के निर्देश पर एक दर्जन दुकानों की हुई जांच

# मिठाइयों के सामने निर्माण तिथि लिखना अनिवार्य : डॉ. वेद प्रकाश

♦ उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/ बलिया**



आगामी त्योहारो को देखते हुए जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डॉ वेद प्रकाश मिश्र व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने बुधवार को शहर के लगभग एक दर्जन मिष्ठान के बड़ी दुकानों की जांच की। अधिकारियों ने दुकानों पर बिक्री के लिए रखी गयी मिठाइयों के निर्माण की तिथि व मिठाइयों की स्थिति को देखा।

अधिकारियों की टीम एक साथ निरीक्षण के लिए सुबह शहर में निकली और एक-एक करके भारत भण्डार, हल्दी राम स्वीट्स स्टेशन रोड, न्यू क्षीर सागर स्वीट्स, कान्हा स्वीट्स, प्रकाश स्वीट्स, अन्नपूर्णा स्वीट्स, ज्योति स्वीट्स मिडढी चौराहा, विजयश्री स्वीट्स रेलवे स्टेशन रोड, नमः स्वीट्स, पलक स्वीट्स, विशाल स्वीट, विशाल मिष्ठान भण्डार हनुमानगढ़ी का निरीक्षण किया। दुकानों पर शीशे के काउन्टर में विक्रयार्थ रखे मिठाइयों के समक्ष निर्माण तिथि तथा उपयोग की अवधि अंकित करने, मिठाइयों में खाद्य रंग का प्रयोग मानक के अनुरूप रखने, ढक्कनदार डस्टबीन इस्तेमाल करने तथा खाद्य प्रतिष्ठान के परिसर को नियमित रूप से स्वच्छ रखने, फूड हैण्डलिंग में लगे कर्मचारियों का चिकित्सकीय जाँच रिपोर्ट एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित प्रारूप पर करने के लिए निर्देशित किया गया। सहायक आयुक्त द्वितीय श्री मिश्र ने बताया कि निर्देशों का अनुपालन न करने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के समय खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश उपस्थित रहे।

## साफ-सफाई ना होने पर सीएमएस को लगाई फटकार

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बुधवार की दोपहर एक बजे जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुकम्मल साफ-सफाई नहीं होने पर भड़क गए और सीएमएस को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को सख्त हिदायत दिया कि जिला अस्पताल में वही लोग उपचार कराने आते है, जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं, ऐसे में बाहर की दवा कत्तई ना लिखी जाए। जिलाधिकारी ने बर्न वार्ड, इमरजेंसी का भी निरीक्षण किया। भर्ती मरीजों के पास जाकर पूछा कि क्या आपको मेन्यू के हिसाब भोजन मिलता है तो जवाब मिला हां। इस पर संतोष जाहिर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आए दिन अस्पताल के विषय में यह खबर सुनने को मिलती है कि इस डाक्टर ने आपरेशन के लिए पैसा मांगा, उस डाक्टर ने आपरेशन के लिए पैसा मांगा।

# बोले डीएम... रक्तदान से बड़ा पुण्य काम कोई हो ही नहीं सकता, किया सम्मानित





♦ जिला अस्पताल में आयोजित वृहद रक्तदान शिविर में जिलाधिकारी ने किया प्रतिभाग

♦ रक्तदान करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**केटी न्यूज/ बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार बुधवार को जिला अस्पताल, बलिया में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आयोजित बृहद रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । यहां पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बलिया के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने पौधा देकर जिलाधिकारी का स्वागत किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यों और मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य लोगों का आभार जताया और कहा कि रक्तदान से बड़ा पुण्य काम कोई हो ही नहीं सकता।अगर किसी व्यक्ति के रक्तदान से किसी व्यक्ति की जिंदगी बच जाती है तो उसके पूरे परिवार को खुशी होती है। इसीलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है। आज जितने भी लोगों ने रक्तदान किया है उनको इस पुनीत कार्य के लिए मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने यह आशा जताई कि जिला अस्पताल में उपलब्ध ब्लड बैंक से बहुत से जरूरतमंद लोगों की मदद हो सकेगी।

उन्होंने रक्तदान करने वाले कुछ लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने रेड क्रॉस सोसाइटी की तारीफ करते हुए कहा कि आगजनी, बाढ़ एवं प्राकृतिक आपदा जैसी विषम परिस्थितियों में इस संस्था ने काम करके दिखाया है। आज इस संस्था के लोगों ने रक्तदान जैसे मानवतावादी शिविर का आयोजन किया।

मैं इस संस्था से जुड़े लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो ऐसी मानवतावादी संस्था से जुड़कर लोगों के लिए काम करना चाहते हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जयंत कुमार, जिला अस्पताल अधीक्षक सुजीत कुमार यादव, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार संघ बलिया के संरक्षक अशोक कुमार सिंह, आजीवन सदस्य नंदनी सिंह, श्याम बाबू रौनियार, सोनू शर्मा गुरु, राहुल जी, अशोक जी, राकेश जी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन अजीवन सदस्य अभिषेक राय ने किया।

## उर्वरक प्रतिष्ठान का कृषि विभाग की टीम ने किया औचक निरीक्षण




**केटी न्यूज/ बलिया**

कालाबाजारी की सतत निगरानी हेतु बुधवार की शाम चार बजे गड़वार के बडसरी में तुलसी खाद भंडार के उर्वरक प्रतिष्ठान का कृषि विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उर्वरक के नमूने लिए गए, जो परीक्षण के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए। साथ ही गड़वार के एकवारी में मंगला प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक पाया गया। उनके द्वारा मौके पर लाइसेंस नहीं दिखाने पर चेतावनी जारी की गई। अन्य किसानों के साथ भी मौके पर वार्ता हुई जहां पर अवगत कराया गया कि उचित रेट पर ही उर्वरक मिला है। साथ ही साथ ही अन्य प्रतिष्ठानों को शासनादेश के अनुसार पास मशीन से उर्वरक बिक्री करने एवं उचित मूल्य पर खाद बेचने को कहा गया।

## जाति व धर्म सूचक शब्द लिखने वाले दर्जनों वाहनों का किया चालान

**बलिया।** चित्तू पांडेय चौराहे पर बुधवार को पुलिस ने वाहनों पर जाति व धर्म सूचक शब्द लिखने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने दर्जनों वाहनों का चालान कर, कईयों को चेतावनी भी दी। आपको बताते चले कि पुलिस जातिसूचक शब्द लिखे वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में बुधवार को दिन में 12 बजे से चित्तू पांडेय चौराहे के अलावे अलग अलग स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। खासतौर से जिन वाहनों पर जाति, धर्म सूचक शब्द लिखने वालों पर सख्ती से चालान किया गया। इसके अलावे वाहनों पर काली फिल्म लगाने वालों का चालान किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चालकों और मालिकों में खलबली मची रही। नगर के चित्तू पांडेय चौराहा पर ट्रैफिक निरीक्षक राकेश सिंह ने जवानों संग अभियान चलाकर वाहनों का चालान किया।

## जिलाधिकारी ने की पोषण मिशन के कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश



**केटी न्यूज/ बलिया**

जिला पोषण समिति/अभिसरण समिति की बैठक जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोषाहार वितरण एवं विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बंध में समीक्षा की गई।

इसके अलावा पोषण ट्रैकर पर होम विजिट परियोजना की स्थिति, पोषण ट्रैकर पर 0 से 6 वर्ष के बच्चों के सापेक्ष मापन क्षमता की स्थिति, एसएनबी और पोषण ट्रैकर पर आधार वेरीफिकेशन परियोजना की स्थिति आदि की बिंदुवार समीक्षा की गई। पोषण ट्रैकर पर आधार वेरीफिकेशन की परियोजना की स्थिति में आधार कार्ड फिडिंग में विकासखंड बेरुआरबारी में बच्चों का आधार वेरिफिकेशन फीडिंग में लापरवाही पाई गई। जिसमें जिले में 160 पोस्ट ऑफिस स्थापित है, जिसमें आधार कार्ड बनवाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिए कि प्रतिदिन 30 बच्चों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए। साथ ही सभी कस्तूरबा विद्यालयों में अभी तक टेंडर न होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पर नाराजगी जताई। कहा कि सभी कस्तूरबा विद्यालय में बच्चों को मेनू के हिसाब से खाना मिलना चाहिए।









## खबरें फटाफट

### पूर्वांचल के कई हिस्सों में अति जलवृष्टि के आसार, गिर सकती है बिजली

गाजीपुर। पूर्वांचल के कई जिलों में बारिश का सिलसिला अभी जारी रहेगा। कुछ जनपदों में बिजली गिरने की भी संभावना है। ऐसे में लोगों को पूरी तरह सजग और सतर्क रहने की जरूरत है। दरअसल हिमालय की तलहटी की ओर खिसक गई मॉनसूनी ट्रफ लाइ यानी मुख्य धारा वापस आ रही है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इसकी बड़ी वजह बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा दबाव का क्षेत्र है। इससे लखनऊ समेत पूर्वांचल के कई हिस्सों में जोरदार बारिश होने की संभावना है।

### यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

चंदौली। सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर इन दिनों यादव समाज के निशाने पर हैं। उनके द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी से यादव समाज में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है, जिससे लेकर जनपद चंदौली में भी जगह-जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को अखिल भारतीय यादव महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि यादव समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले ओमप्रकाश राजभ्र के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने कहा कि सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर को मयार्दा की सीमा को लांघकर जिस तरह से यादव समाज के ऊपर अभद्र टिप्पणी की है वह क्षम्य नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजीव यादव, जय प्रकाश यादव, मिठाई लाल, दामोदर यादव, शिवकुमार, तूफानी यादव आदि उपस्थित रहे।

### आयुष मंत्री ने इलेक्ट्रिक बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# मोदी व योगी के मार्गदर्शन से पब्लिक ट्रांसपोर्ट में मिली सफलता : दयाशंकर

■ सैदपुर से वाराणसी तक संचालित होगी इलेक्ट्रिक बस, लोगों में खुशी

केटी न्यूज/गाजीपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ के मार्गदर्शन से प्रदेश में तेजी के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त हुई है। यह बातें उत्तर प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्य ने जनपद गाजीपुर स्थित सैदपुर से इलेक्ट्रिक बस संचालन के अवसर पर कही।



उन्होंने कहा कि इससे हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी और ध्वनि प्रदूषण भी कम होगा। श्री दयालु ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में ध्वनि और वायु प्रदूषण से मुक्त परिवहन सेवा, समय की मांग है। आज इसी श्रृंखला में सिद्धनाथ धाम सिधौना से धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के लिए वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों का विकास होने के साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में महत्व बढेगा। इस अवसर पर उन्होंने लोगों का हृदय से अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी एवं सभी से इसका उपयोग करने व लाभ लेने की अपील भी की।

### खेलो इंडिया ओपेन

## यूथ जूनियर महिला यूपी टीम में अंशू व पिंटू के चयन से खुशी





**गाजीपुर।** जनपद के रेवतीपुर गाँव निवासी एवं खो- खो की उदयीमान खिलाड़ी अंशू यादव एवं पिंटू यादव का चयन खेलो इंडिया ओपेन के लिए यूथ ( जूनियर) महिला यूपी टीम में किया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों के चयन की जानकारी होते ही खेल प्रेमियों, उनके परिजनों एवं गाँव में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का जश्न मनाया। दोनों खिलाड़ियों ने खुद के यूपी टीम में चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए स्वर्णिम अवसर है, जिसमें वह अपने कला का सर्वोच्च प्रदर्शन कर टीम को विजेता बनाने में कोई कसर नहीं छोडेगें।

## मुहम्मदाबाद नगर में केबल जलने से पूरी रात ठप रही बिजली आपूर्ति

**गाजीपुर।** जिले के मुहम्मदाबाद नगर में केबल जलने से पूरी रात विद्युत आपूर्ति ठप रही, तो दूसरी तरफ करीमुद्दीनपुर क्षेत्र में जर्जर विद्युत तारों के बार-बार टूटने से पिछले तीन दिनों से बिजली सप्लाई न के बराबर रही। ऐसे में करीमुद्दीनपुर विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर लोगों ने काफी हो-हल्ला मचाया। मोहम्मदाबाद तहसील के विभिन्न गांव में तथा करील क्षेत्र के लोगों को इन दोनों बिजली की समस्या से जूझना पड़ रहा है बरसात के दिन में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह



बेपटरी हो गई है। विभिन्न स्थानों पर जर्जर तार टूटकर गिर रहे हैं। कई गांव में ट्रांसफार्मर तक जले हुए हैं। विभागीय अधिकारी मौन है।

विद्युत उपखंड मुहम्मदाबाद में लगा 10 एमबीए का केबल जलने से नगर के यूसुफपुर एवं आस-पास के गांवों की बिजली सप्लाई मंगलवार को पूरे दिन बाधित रही।

# अपराध नियंत्रण पर फोकस करें सभी थानाध्यक्ष : एसपी

■ अपराधियों पर प्रहार करने के लिए आयोजित की गई पुलिस कर्मियों की बैठक

केटी न्यूज/चंदौली

संगठित अपराध एवं अपराधियों की रीढ़ पर प्रहार तथा कठोरतम कार्यवाही प्रभावी बनाने के लिए एसपी डा. अनिल कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में बैठक हुई। इस दौरान एसपी ने अपर पुलिस अधीक्षक के अलावा क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को शासन की नीति व दिशा-निर्देश से अवगत कराया। कहा कि सरकार अपराध व अपराधी दोनों का खात्मा चाहती है। इसके लिए सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण पर फोकस करें। पेशेवर अपराधियों पर नजर रखें और उन्हें वांछित मामलों में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजना



सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व पशु तस्करी पर पूर्णतः लगाम लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए तस्करों को जेल भेजने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसपी ने आयोजित कार्यशाला में संगठित अपराधों व गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करने का निर्देश दिया। वहीं उसमें समाहित प्राविधानों की विधि सम्मत जानकारी संयुक्त निदेशक अभियोजन चन्दौली द्वारा दिया गया। इसके साथ अन्य विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस अधिकारियों संग एसपी ने चर्चा की।

## मेहनतकश प्रवृति ही सफल जीवन की कुंजी है-डॉ. एसकेएस पांडेय

**गाजीपुर।** शहीद स्मारक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय यूसुफपूर मुहम्मदाबाद में नव प्रवेशी विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम समारोह आयोजित हुआ। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसकेएस पांडेय ने कहा कि कला क्षेत्र के तमाम विषय अपने नाम में विज्ञान शब्द इसीलिए जोड़ते हैं, क्योंकि उनकी कामना है कि वह वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने वाले विषय बन जाए। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ आत्मानुशासन भी सफलता के लिए आवश्यक तत्त्व है। समय का प्रबंधन, कठिन परिश्रम, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मानुशासन के सुनियोजन से हरेक लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए मेहनतकश होना सफलता प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के पूजा से प्रारंभ से हुआ।

# महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए ग्राम चौपाल का आयोजन



केटी न्यूज/चंदौली


मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देश पर जनपद में विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला व बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

अब महिलाओं व बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा इसके लिए शक्ति दीदी नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ एक शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।












## ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य हुआ संपन्न

# घोसी उपचुनाव: 591 कंट्रोल व बैलट यूनिट तथा 637 वीवीपैट आवंटित

**केटी न्यूज/मऊ**



विधानसभा उप निर्वाचन-2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन के दृष्टिगत आज ईवीएम व वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य समस्त प्रत्याशी व एजेंट के समक्ष कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। ईवीएम व वीवीपैट के द्वितीय रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम व वीवीपैट का बूथवार आवंटन हुआ। ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन हेतु 591 कंट्रोल एवं बैलट यूनिट तथा 637 वीवीपैट का आवंटन हुआ था। ज्ञातव्य है कि विधानसभा क्षेत्र घोसी के उप निर्वाचन हेतु कुल 455 बूथों पर मतदान 5 सितंबर 2023 को होना है। द्वितीय रेंडमाइजेशन के उपरांत कंट्रोल एवं बैलट यूनिट कुल बूथों के सापेक्ष 130 प्रतिशत तथा वीवीपैट 140 प्रतिशत आवंटित किया गया है। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र घोसी सुरेश कुमार एवं समस्त प्रत्याशी/ एजेंट उपस्थित रहे।

**अनुपस्थित कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज :** जिला विकास अधिकारी सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक उमेश चंद्र तिवारी ने बताया कि 354 घोसी विधानसभा उप निर्वाचन 2023 को सकुशल संपन्न कराने हेतु माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण में कुल 10 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पंकज कुमार मिश्रा सर्किल ऑफिसर, दीपक कुमार मिश्रा शाखा प्रबंधक बकवाल बडौदा यूपी बैंक गाजीपुर तिराहा मऊ, अनु पांडे शाखा प्रबंधक, सतीश कुमार सिंह अधिकारी घोसी, वरुण कुमार यादव प्रशासनिक अधिकारी मंडल, चंद्रमौली राय शाखा प्रबंधक हथिनी, मनोज कुमार वर्मा उच्च श्रेणी सहायक, विनोद कुमार सिंह सहायक प्रबंधक रतनपुरा, अजय कुमार यादव सहायक प्रबंधक अमिला, अनिमेष पुरकेट अधिकारी पीएनबी आदि कर्मचारी अनुउपस्थित पाए गए। अनुपस्थित कर्मचारियों 24 अगस्त 2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे विकास भवन मऊ में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अंतर्गत दंडनीय अपराध मानते हुए संबंधित माइक्रो आब्जर्वर के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर दी जाएगी।





## प्रशासनिक उदासीनता के कारण निमार्णाधीन रतनपुरा भीमपुरा मार्ग नाले में हुआ तब्दील

**केटी न्यूज/मऊ**



निमार्णाधीन रतनपुरा-भीमपुरा मार्ग प्रशासनिक विसंगतियों की भेंट चढ़ गई है। यह सड़क पूरी तरह से नाले में तब्दील हो गई है। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बहु प्रतीक्षित निमार्णाधीन रतनपुरा -भीमपुरा मार्ग पर जैसे ही निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हुई तो 9 किलोमीटर की दूरी तक का आवागमन करने वाले नागरिकों को बड़ी राहत महसूस हुई। परंतु प्रशासनिक मशीनरी द्वारा इसमें गंभीर रूप से रुचि न लेने की वजह से निर्माण की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। जिसकी वजह से बरसात में इस रूट से आने जाने वालों का कलेजा कांप जा रहा है। क्योंकि सड़क गढ्ढे में तब्दील हो चुकी है, और इन दिनों उसमें पानी भर गया है। जिससे यह सड़क नाले के रूप में प्रतीत हो रही है। प्रतिदिन छात्र-छात्राएं अपने साइकिल से इसमें गिरते हैं। दोपहिया वाहन चालक बाइक से गिरकर घायल हो रहे हैं। परंतु ठेकेदार की निर्माण प्रक्रिया कच्छप गति से चल रही है। जिसकी वजह से लोगों का के सब्र का बांध टूट रहा है।

उल्लेखनीय की रतनपुरा भीमपुर मार्ग पर रतनपुरा से बाहरपुर गांव तक कुल 9 किलोमीटर तक इस सड़क का निर्माण कार्य होना है। इस रूट से बिलौझा, सेमराजपुर, छिछोरे, भीमपुरा, नगरा, बेलौली, बेल्थरा रोड, मधुबन तक लोगों का आवागमन होता है। परंतु खराब सड़क की वजह से लोगों का सड़क से मोह भंग हो चुका है। लोग आंदोलन की तैयारी करने के लिए विवश हो रहे हैं।

## जनपद में बीमार पशुओं के इलाज को पशु टीकाकरण शुरू

मऊ। बीमार पशुओं का इलाज करने के लिए जिला मऊ में संचालित 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट एंबुलेंस सेवा पशुपालकों के लिए बहुत ही मददगार साबित हो रही है। टोल फ्री नंबर 1962 डायल करने के कुछ ही मिनट के अंदर एंबुलेंस पशुपालकों के घर पहुंच जाती है और घर पर बीमार पशु का इलाज किया जाता है। जिसको लेकर पशुपालकों में काफी खुशी दिखाई दे रही है। घर बैठे पशुओं का इलाज करने के लिए अप्रैल माह में शासन द्वारा मोबाइल वेटरनरी यूनिट की शुरूआत की गई। जिले में चार एंबुलेंस पशुपालन विभाग, ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के साथ मिलकर जिले इस एंबुलेंस को संचालित कर रहा है। यही संस्था जिले में 108 और 102 एम्बुलेंस आम जन मानस के लिए सफल संचालन कर रही है। प्रत्येक 1962 एंबुलेंस में एक चिकित्सक व एक सहायक कर्मचारी तैनात हैं। साथ ही पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहती है। जिससे चिकित्सक पशुओं का इलाज करते हैं। एंबुलेंस बुलाने के लिए विभाग द्वारा 1962 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पशुपालक घर बैठे ही पशुओं का इलाज करा सकते हैं। जिले में एंबुलेंस सेवा संचालित होने से पशुपालकों को काफी सहूलियत मिल रही है एवं पशुओं का इलाज भी यथाशीघ्र हो रहा है।





